nt>

Title: Need to start air services from Raxaul Airport in North Bihar. -Laid.

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया) : सर, उत्तर बिहार में किसी हवाई अड्डे से विमान सेवा नहीं है हालांकि रक्सौल में एक हवाई अड्डा भी है और यह बिहार और नेपाल की सीमा पर स्थित है। इस क्षेत्र के आस-पास कई पर्यटन स्थल हैं किन्तु हवाई अड्डे से कोई विमान सेवा नहीं होने के कारण विदेशी पर्यटक उत्तर बिहार जाना पसन्द नहीं करते हैं। इस क्षेत्र में व्यापार और उद्योग स्थापित किए जाने की काफी संभावना है परन्तु हवाई अड्डे से विमान सेवा नहीं होने के कारण बड़े व्यापारी और उद्योगपति उत्तरी बिहार जाना पसन्द नहीं करते हैं क्योंकि उनका समय बहुत लगेगा। रक्सौल हवाई अड्डे से निजी हवाई सेवा चलाई जा सकती है परन्तु न जाने क्यों सरकार अनुमति प्रदान नहीं कर रही है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि रक्सौल हवाई अड्डे से विमान सेवा शुरू की जाए या निजी हवाई सेवा को शुरू करने हेतु प्रोत्साहन दिया जाए।